# मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 30.07.2025

## थाना को0देहात साइबर क्राइम टीम द्वारा धोखाधड़ी की घटना से सम्बन्धित धनराशि ₹70,500/- को पीड़ित के खाते में कराया गया वापस —

आवेदक संदीप कुमार पुत्र सोहनलाल निवासी ग्राम जिगनौड़ी, थाना कोतवाली देहात, जनपद मीरजापुर द्वारा दिनांकः 29.07.2025 को थाना कोतवाली देहात पर उपस्थित होकर अपने साथ आनलाईन 70,500/- रुपये फोन पे के माध्यम से धोखाधड़ी के सम्बन्ध में शिकायत की गयी।

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात जनपद मीरजापुर की साईबर टीम द्वारा उपरोक्त जाँच के दौरान ₹70,500/- को के सम्बन्ध में कार्यवाही करते हुए तत्काल आवेदक संदीप कुमार के खाते में रिफण्ड कराया गया। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारी एवं साइबर क्राइम टीम थाना कोतवाली देहात की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।

पुलिस टीम

सदा नन्द सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात, मीरजापुर।

महिला आरक्षी प्रियंका सिंह साइबर सेल थाना कोतवाली देहात मीरजापुर।




************